लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के 48 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया

नई दिल्ली, 19 दिसंबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास से भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के 48 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर भी शामिल थे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि ICSI ने भारत के कॉर्पोरेट सेक्टर में वैधानिक नियमों तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित एडमिनिस्ट्रेशन इंश्योर करने में बड़ा योगदान किया है। इसके लिए सभी सदस्यों, छात्रों और अन्य स्टेक होल्डर्स को हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि, देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र तीव्र गति से विकास के मार्ग पर हैं। देश के विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ साथ निजी क्षेत्र को भी समान अवसर दिए जा रहे हैं। श्री बिरला ने आर्थिक सुधारों के विषय में कहा कि पूंजीगत सुधारों, श्रम सुधारों तथा कृषि सुधारों के माध्यम से निजी क्षेत्र को देश के सर्वांगीण विकास में योगदान करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

कॉरपोरेट गवर्नेंस का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि गवर्नेंस तभी सफल होती है, जब कॉरपोरेट सेक्टर के 'कॉन्शंस कीपर' यानी कंपनी सेक्रेट्री शासन की संरचनाओं को मजबूत करने और नियम या कानून के अनुसार कार्रवाई करने में पूरे मनोयोग से काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय कारपोरेट क्षेत्र के संचालनकर्ता होने के नाते ICSI ने अपने मिशन और विजन को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन किया है।

श्री बिरला ने देश की बढ़ती विकास दर का उल्लेख करते हुए कहा की देश की अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकास कर रही है, तथा सार्वजनिक उपक्रम और निजी क्षेत्र के पास विकास के समान अवसर हैं। उन्होंने हाल ही में हुए सुधारों के विषय में कहा की श्रम, एवं कृषि सुधार और 'ईज़ ऑफ़ डूइंग

बिज़नस' को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस परिदृश्य में प्राइवेट कंपनियों को इन अवसरों का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

श्री बिरला ने आगे कहा की कंपनी प्रशासन व कंपनी सचिव (CS) का दायित्व है की कंपनियों का संचालन विधि सम्मत हो, उनकी वृद्धि का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने ICSI की सराहना करते हुए कहा की इसमें ICSI का महत्वपूर्ण भूमिका है। ICSI के आधारभूत मूल्यों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा की 'सत्यं वद, धर्मं चर' के आदर्श पर चलते हुए गवर्नेंस को मजबूत करने में CS मनोयोग से काम करते हैं। श्री बिरला ने कहा की CS गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रैक्टिसेज डेवलप करें जिसका पालन सभी संगठनों में हो। उन्होंने आगे कहा कि डेसेंट्रलइज़ेशन के तहत पंचायतों और नगर पालिकाओं को ज्यादा अधिकार दिए जा रहे हैं और इसमें ICSI द्वारा विकसित कोड महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है।

श्री बिरला ने कहा की देश की अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता व ईमानदारी बढ़ाने तथा नए बिज़नस कल्चर के विकास में ICSI और CS की महत्वपूर्ण भूमिका है। हाई टेक टैक्स कंप्लायंस सोसाइटी बनाने तथा शेल कंपनियों को समाप्त करने में भी CS प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम के आरम्भ में श्री बिरला का स्वागत ICSI के अध्यक्ष श्री आशीष गर्ग ने किया।